भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 927

08 फरवरी, 2021 को उत्तर के लिए

इस्पात से अर्जित राजस्व

927. श्रीमती प्रतिमा मण्डल:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और वर्तमान वर्ष के दौरान देश-वार इस्पात का कितना निर्यात किया जा रहा है और इससे कितना राजस्व अर्जित किया गया है;

(ख) क्या घरेलू बाजार में इस्पात के मूल्यों में वृद्धि का मूल कारण इस्पात संबंधी निर्यातोन्मुख नीति है; और

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस्पात के मूल्यों को कम करने के लिए सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं/किए जाने प्रस्तावित हैं?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क): पिछले तीन वर्षों में से प्रत्येक वर्ष तथा चालू वर्ष के दौरान निर्यात किए गए इस्पात की मात्रा तथा उससे अर्जित राजस्व का देश-वार विवरण क्रमश: **अनुलग्नक-Iक** तथा **अनुलग्नक-Iख** पर संलग्न है।

(ख): इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र होने के कारण, स्वदेशी इस्पात की कीमते मांग एवं आपूर्ति, कच्ची सामग्री की कीमतों के रूझानों जैसे विभिन्न कारकों द्वारा निर्धारित की जाती है तथा ये वैश्विक परिस्थितियों से भी प्रभावित होती हैं। हाल के महीनों में कीमतों में वृद्धि में योगदान देने वाले प्रमुख कारकों में अन्य के साथ-साथ मांग- आपूर्ति में असंतुलन तथा कोविड-19 महामारी के बाद लाकडाउन और इसके उपरांत पूरे विश्व में, विशेष रूप से यूरोप, जापान तथा दक्षिण कोरिया में आर्थिक क्रियाकलापों की आंशिक रूप से शुरुआत होना है।

(ग): सरकार ने कीमतों को स्थिर करने के उद्देश्य से लौह अयस्क के उत्पादन को बढ़ाकर इस्पात की उपलब्धता को बढ़ाने के उपाय किए है। सरकार ने बजट 2021-22 में निम्नलिखित उपायों की घोषणा भी की है:

(i) सेमिस, नॉन अलॉय तथा अलॉय इस्पात के कुछ फ्लैट उत्पादों, नॉन अलॉय, अलॉय तथा स्टेनलेस स्टील के लंबे उत्पादों पर आधारभूत सीमा शुल्क में 7.5% तक की कमी।

(ii) लौह एवं इस्पात स्क्रैप पर विशिष्ट अवधि के लिए आधारभूत सीमा शुल्क में "शून्य" तक की कमी।

(iii) सीआरजीओं के विनिर्माण के लिए कच्ची सामग्री पर आधारभूत सीमा शुल्क में 2.5% से "शून्य" तक की कमी।

(iv) निम्नलिखित पर पाटन-रोधी शुल्क (एडीडी)/प्रतिकारी शुल्क को अस्थाई तौर पर हटाना- (i) सीधी लंबी बार और रॉड (ii) नॉन-कोबाल्ट ग्रेड के उच्च-गति के इस्पात (iii) एल्यूमीनियम-जिंक की परत वाले फ्लैट रॉल्ड इस्पात उत्पाद (iv) कोल्ड रॉल्ड तथा हॉट रॉल्ड स्टेनलेस इस्पात उत्पाद।

(v) स्टेनलेस इस्पात के फ्लैट उत्पादों पर प्रतिकारी शुल्क को हटाना तथा कोल्ड रॉल्ड फ्लैट स्टेनलेस इस्पात उत्पादों पर पाटन-रोधी शुल्क को समाप्त करना।

****

अनुलग्नक-lक

कुल फिनिश्ड इस्पात (मात्रा हजार टन में)				
देश	**2017-18**	**2018-19**	**2019-20**	**अप्रैल-दिसंबर 2020***
अर्जेंटिना	50	1	2	21
ऑस्ट्रेलिया	26	49	18	22
बंग्लादेश	149	115	184	131
बेल्जियम	976	617	403	266
कनाडा	50	53	60	26
चिली	6	3	30	2
चीन	26	3	73	2050
कोलंबिया	16	18	19	7
जिबूती	38	46	47	2
इक्वाडोर	19	6	8	5
इजिप्ट	61	64	15	52
इथियोपिया	106	97	47	17
फ्रांस	9	17	27	1
जर्मनी	41	23	25	14
घाना	27	14	17	7
ग्रीस	33	10	33	30
इंडोनेशिया	197	87	102	20
इरान	63	8	3	1
इटली	1239	833	793	579
जापान	6	0	2	1
केन्या	40	4	7	36
कोरिया	43	60	29	17
कुवैत	22	20	16	12
मेडागास्कर	8	2	1	1
मलेशिया	363	206	168	50
मैक्सिको	118	36	20	15
म्यांमार	201	29	58	87
नेपाल	661	837	955	520
नीदरलैंड	52	29	27	17
ओमान	55	58	162	82
पेरू	33	3	2	3
फिलिपींस	51	2	25	1
पॉलेंड	139	73	67	48
पुर्तगाल	109	62	102	92
कतर	30	26	38	41
रोमानिया	34	26	43	39
रूस	24	10	26	39
सऊदी अरब	270	122	172	189
सिंगापुर	174	18	13	23
सोमालिया	16	8	5	3
दक्षिण अफ्रीका	13	6	5	27
स्पेन	566	352	280	227
श्रीलंका	172	85	141	100
स्वीडन	16	3	6	3
ताईवान	81	22	190	87
थाइलैंड	98	71	88	103
टुर्की	183	68	40	18
यूनाइटेड किंगडम (यूके)	121	83	83	67
यूएई	715	680	865	666
यूएसए	325	98	51	20
वियतनाम	929	709	2337	1917
अन्य	819	487	427	509
कुल	**9620**	**6361**	**8355**	**8314**

*अनंतिम, स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी)

अनुलग्नक-ख

कुल फिनिश्ड इस्पात का निर्यात (मूल्य करोड़ रुपये में)				
देश	**2017-18**	**2018-19**	**2019-20**	**अप्रैल-दिसंबर 2020***
अर्जेंटिना	275	18	26	122
ऑस्ट्रेलिया	173	313	158	173
बंग्लादेश	613	539	700	552
बेल्जियम	4697	3671	2503	1376
कनाडा	308	445	486	249
चिली	53	28	189	18
चीन	127	86	374	6049
कोलंबिया	109	130	97	40
जिबूती	206	272	224	16
इक्वाडोर	109	43	44	29
इजिप्ट	238	407	124	333
इथियोपिया	557	635	303	108
फ्रांस	77	101	125	12
जर्मनी	608	421	441	265
घाना	153	83	81	42
ग्रीस	201	72	192	179
इंडोनेशिया	1345	785	748	188
इरान	397	80	39	17
इटली	5286	4082	3508	2552
जापान	27	5	22	12
केन्या	157	25	39	128
कोरिया	408	436	339	255
कुवैत	104	123	75	57
मेडागास्कर	43	8	5	3
मलेशिया	1301	872	642	210
मैक्सिको	623	275	190	128
म्यांमार	672	116	182	276
नेपाल	2263	3458	3418	1837
नीदरलैंड	440	257	266	194
ओमान	193	276	667	397
पेरू	179	24	20	18
फिलिपींस	185	19	84	10
पॉलेंड	879	535	570	425
पुर्तगाल	3776	380	497	473
कतर	153	163	198	202
रोमानिया	202	169	266	247
रूस	364	185	420	554
सऊदी अरब	1207	571	803	862
सिंगापुर	581	94	63	91
सोमालिया	88	51	30	14
दक्षिण अफ्रीका	122	72	62	114
स्पेन	2530	1985	1366	935
श्रीलंका	675	414	572	450
स्वीडन	104	27	41	24
ताईवान	370	142	657	312
थाइलैंड	368	353	342	371
टुर्की	868	368	278	205
यूनाइटेड किंगडम (यूके)	561	451	387	273
यूएई	2738	3143	3497	2580
यूएसए	1900	933	571	302
वियतनाम	3124	2594	7519	5941
अन्य	3889	2417	2274	2495
कुल	**46629**	**33153**	**36726**	**32718**
*अनंतिम, स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी)				